अमर उजाला 01/04/2023

# कैडेट रबनूर को राज्यपाल ने किया सम्मानित

**अंबाला।** हरियाणा गर्ल्स बटालियन एनसीसी की सेकेंड ऑफिसर और जीएमएन कॉलेज की छात्रा रबनूर को राज्यपाल ने किया। इस समारोह में कैडेट रबनूर सहित उसकी माता डॉ. मनजीत कौर और पिता सतिंदरपाल सिंह को भी आमंत्रित किया गया। यह अवार्ड उन्हें गणतंत्र दिपस कैंप के दौरान सांस्कृतिक टीम की हैड के रूप में अपनी विशिष्ट उपलब्धियों और राष्ट्रीय कैडेट कोर के प्रति ईमानदारी, समर्पण और अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए दिया गया। इस अवसर पर उच्चतर शिक्षा विभाग की तरफ से रबनूर को 21000 रुपये की धनराशि पुरस्कार के रूप में प्रदान की गई। संवाद



रबनूर।